सार-समाचार

पचपदरा में 18 घुमंतू परिवारों को पट्टे

बालोतरा, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा घुमंतु परिवारों को निःशुल्क भूखंड आवंटन करने की पहल के तहत आज बालोतरा के पास पचपदरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने रेबारी जाति के 18 घुमंतू परिवारों को आबादी के बाद प्रथम बार उनके आवासीय मकानों का मालिकाना हक प्रदान किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घुमंतू रेबारी समाज के लोगों ने बताया कि वे पीढ़ियों से पचपदरा क्षेत्र में निवास कर रहे हैं, लेकिन कानून की जानकारी के अभाव में उनके पास अपने आवास का कोई वैध दस्तावेज नहीं था। सरकार द्वारा निःशुल्क भूखंड आवंटन की जानकारी मिलने पर उन्होंने करीब एक माह पूर्व ग्राम पंचायत में आवेदन किया था। आज शिविर में जब ये परिवार पहुंचे, तो जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीराराम कलबी और तहसीलदार गोपीकिशन पालीवाल उनकी समस्या से अवगत हुए। उन्होंने तुरंत ग्राम पंचायत प्रशासक पूजा देवी और ग्राम विकास अधिकारी किशोर कुमार शर्मा से चर्चा की। त्वरित कार्रवाई में पता चला कि 18 परिवारों के पट्टे तैयार हैं और उन्हें शिविर स्थल पर ही वितरित किया जाएगा। यह सूचना पाकर सभी परिवार अत्यंत प्रसन्न हुए। लाभार्थियों ने राजस्थान सरकार और स्थानीय प्रशासन का साधुवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह मालिकाना हक उनकी भावी पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पट्टा मिलने के बाद इन गरीब परिवारों का पलायन रुकेगा और वे अब अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक से ऋण भी प्राप्त कर सकेंगे।

38 करोड़ का पेयजल प्रोजेक्ट ठंडा

पोकरण, (कासं)। राजस्थान सरकार द्वारा पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी महाराज की अनुशंसा पर वर्ष 2023-24 के बजट में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए घोषित की गई ऐतिहासिक पेयजल योजना प्रशासनिक उदासीनता की भेंट चढती नजर आ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 40 वर्ष पुरानी पाइपलाइन को बदलने की इस बहुप्रतीक्षित योजना का उद्देश्य शहरवासियों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। जलदाय विभाग द्वारा संपूर्ण कस्बे में पाइपलाइन बदलने की योजना तैयार की गई थी, जिसके तहत 38 करोड रुपये की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने का कार्यादेश भी जारी किया जा चुका है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। वर्तमान में पुरानी पाइपलाइन और सीमित जल भंडारण क्षमता के कारण शहर में चार से पांच दिन में केवल डेढ घंटे पानी सप्लाई होती है। पुरानी लाइनों के टूटने, लीकेज और गंदगी के कारण जल की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। कई बार नागरिकों को दूषित पानी सप्लाई होने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक महंत प्रताप पुरी के प्रयासों से यह योजना तो स्वीकृत हो गई, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इच्छाशक्ति की कमी के कारण अब यह केवल कागजों में दबती जा रही है। अगर शीघ्र कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो यह परियोजना भी अनेक योजनाओं की तरह फाइलों में गुम हो सकती है। नागरिकों ने मांग की है कि जिला प्रशासन और जलदाय विभाग तत्काल प्रभाव से इस परियोजना का कार्य शुरू करवाएं, ताकि शहर को पुरानी पाइपलाइन और गंदे पानी की समस्या से राहत मिल सके।

गोरबिया प्लांट में करंट से मजदूर की मौत

बाप, (निसं)। बड़ी सिड्डु स्थित गोरबिया प्लांट में गुरुवार को कार्य के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। ग्रामीणो का आरोप है कि कंपनी कार्मिको ने परिजनो को इसकी सूचना मोर्चरी में शव रखने के बाद दी। कंपनी में सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे ग्रामीणे ने कंपनी पर लापरवाही का भी आरोप लगाया। देर शाम तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ था। लोग मोर्चरी के बाद बडी संख्या में जमा थे। जानकारी के अनुसार हीराराम पुत्र मेघाराम मेघवाल निवासी कानसिंह की सिड्डु बडीसिड्डु स्थित गोरबिया सोलर कंपनी में काय करता है। गुरूवार को वह करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कंपनी कार्मिक उसे गंभीर हालत में बाप के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कल्याणसिंह की सिड्डु सरपंच केशुराम मेघवाल ने बताया कि हादसा सुबह हुआ था, लेकिन कंपनी के कार्मिक दोपहर में शव लेकर अस्पताल पहुंचे और मोर्चरी में रखने के बाद ही परिजनों को सूचना दी। इस लापरवाही से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी की सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदारी में गंभीर चूक हुई है, जिसके कारण मजदूर की जान गई। शाम होते-होते बडी संख्या में ग्रामीण बाप के सरकारी अस्पताल परिसर में एकत्र हो गए। पुलिस ने पहुंचकर समझाइश का प्रयास किया। देर रात तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बातचीत जारी थी।

राजस्व रिकॉर्ड में नाम सही हुआ

बालोतरा, (निसं)। आज ग्राम पंचायत मुख्यालय मिठौडा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने एक लंबे समय से लंबित प्रशासनिक त्रुटि को तुरंत ठीक कर, लाभार्थी के लिए सचमुच वरदान साबित हुआ। शिविर में बाबूराम पुत्र रणछोडा राम ने एक प्रार्थना पत्र पेश किया। बाबूराम ने बताया कि पिछले तीस वर्षों से राजस्व अभिलेखों में उनका नाम गलती से काबराराम दर्ज था। इस गलत इन्द्राज के कारण वह कई सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहे थे। शिविर के दौरान उपखंड अधिकारी सुरेन्द्र सिंह खंगारोत ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने पटवारी हल्का मिठौडा और तहसीलदार सिवाना की अनुशंसात्मक रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 136 के तहत त्वरित रूप से प्रकरण तैयार करवाया। विधायक हमीर सिंह भायल की उपस्थिति में प्रार्थी के नाम को राजस्व रिकॉर्ड में काबराराम से बाबूराम में शुद्ध इन्द्राज कर दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई से बाबूराम अब सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के पात्र हो गए हैं। बाबूराम ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए राज्य सरकार और प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जैसलमेर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष की रायशुमारी, गुटबाजी हावी

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर कांग्रेस में वर्चस्व की लड़ाई के फिलहाल तो खत्म होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। जिलाध्यक्ष पद की रायशुमारी के लिए एआईसीसी और पीसीसी के भेजे गए प्रतिनिधिमंडल के सामने पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद और पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव गुटों के वक्तव्यों से नहीं लग रहा कि अध्यक्ष के नाम को लेकर कोई सर्वसम्मति बन सकेगी।

अक्सर सन्नाटे में घिरे रहने वाले कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को भारी भीड़ उमड़ी। पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में दोनों गुटों के अलग-अलग बयानों से गुटबाजी बढ़ने के संकेत मिले हैं। पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद ने कहा कि कांग्रेस संक्रमण काल से गुजर रही है। संघर्ष का समय है, लेकिन पार्टी में भाजपा विचारधारा के लोग घुस आए हैं जो पार्टी का नुकसान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुबह जो लोग कांग्रेस का चोला पहनते हैं, वे शाम को उसे उतार देते हैं।

दूसरी तरफ पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर ने संगठन को मजबूत करने की वकालत करते हुए यह कहा कि आम राय से एक नाम आगे भेजा जाए तो लगा कांग्रेस एक ट्रेक पर आ रही है, परंतु थोड़ी ही देर में पूर्व जिला प्रमुख अब्दुल्ला फकीर ने स्पष्ट कर दिया कि इस बार कांग्रेस जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक समुदाय से आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में 25 प्रतिशत मतदाता इस समुदाय से आते हैं जो हमेशा कांग्रेस के प्रति वफादार रहे हैं।

वहीं पूर्व विधायक रूपाराम ने मांग रख दी कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष मूल ओबीसी वर्ग से आना चाहिए क्योंकि उनकी तादाद ज्यादा है, उन्हें अवसर मिलना चाहिए।

सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कांग्रेस की एकजुटता पर जोर दिया और कहा कि कांग्रेसजन आज जितनी तादाद में नजर आ रहे हैं और उनका जो जोश है, उसे देखकर लगता है कि कांग्रेस को कोई नहीं रोक सकता।

दूसरी तरफ एआईसीसी के संयुक्त सचिव सुशांत मिश्रा, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस से सारिका सिंह, सागर महावर आगामी दिनों में ब्लॉक स्तर के कांग्रेसजनों के साथ विचार विमर्श कर रायशुमारी करेंगे। शुक्ला ने सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद और पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव के साथ अलग से भी बैठक कर चर्चा की।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, जागरूकता रथ रवाना

बाड़मेर, (नि.सं.)। महिला अधिकारिता विभाग बाड़मेर की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत आमजन में जागरूकता बढ़ाने एवं योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से विशेष अभियान की शुरुआत की गई।

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक प्रहलाद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस अभियान के तहत बाड़मेर, गड़रारोड, रामसर, चौहटन, धनाऊ, सेड़वा, फागलिया तथा धोरीमना पंचायत समितियों की 40 ग्राम पंचायतों में नुक्कड़ नाटक, स्टेज नाटक, कठपुतली नृत्य तथा जागरूकता रथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनके माध्यमों से ग्रामीणों को बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसरों के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की शुरुआत जिला परिषद बाड़मेर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि कुमार एवं महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक प्रहलाद सिंह राजपुरोहित द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना करने के साथ की गई।

अधिकारियों ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में समानता, सशक्तिकरण और सम्मान की दिशा में एक जनांदोलन है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रमों से बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होगा।

चौहान ने दरबारी साफा बांधा, जीता खिताब

पाली, (नि.संत्र)। साफों के गढ़ जोधपुर में राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा राजकीय उम्मेद स्टेडियम मे आयोजित मारवाड़ महोत्सव 2025 साफा प्रतियोगिता में युवा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर पाली का मान बढ़ाया। राज्य के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें पाली के तेजवन्त सिंह चौहान पुत्र देवेन्द्र सिंह चौहान ने जोधपुरी दरबारी साफा बांधकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हे पर्यटन विभाग के उप निदेशक भानुप्रताप सिंह एवं बीएसएफ जोधपुर के इंस्पेक्टर जनरल एम.एल.गर्ग द्वारा सम्मानित किया गया

सड़क हादसे में महिला की मौत

जोधपुर , (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती बासनी बेंदा गोरा होटल रोड पर किसी वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई।

एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बताया कि शंकर नगर सालावास रोड सांगरिया फांटा निवासी दिनेश पुत्र बालीचंद की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका मां 42 वर्षीय शोभादेवी 7 अक्टूबर को बासनी बेंदा गोरा होटल से निकल रही थी। तब किसी वाहन चालक ने चपेट में ले लिया। मां गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल में उपचार के बीच उसकी मौत हो गई।

शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

बाप, (निसं)। फलोदी जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने गुरुवार को शहरी सेवा शिविर बाप का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान उन्होंने स्टॉलवार व्यवस्थाएं जांचते हुए प्रभारी अधिकारी को शिविर में आने वाले आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आमजन को राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थियों को 50,000 रूपये के चेक वितरित किये गए। शिविर में चेक मिलने पर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तथा योजना के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। शिविर में उपखंड अधिकारी सुखाराम पिंडेल, ईओ गजेंद्र छाबडा सहित कई जने उपस्थित रहे।

बाड़मेर संवाददाता के अनुसार : उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई शुक्रवार को बाड़मेर जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान राज्य मंत्री विश्नोई विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। के.के. विश्नोई बाड़मेर जिला मुख्यालय से शुक्रवार सुबह 9.30 बजे प्रस्थान कर 11.30 बजे सांचौर पहुचेंगे। जहां पर नर्मदा नहर परियोजना में रबी फसल वर्ष 2025-26 अवधि में जल प्रवाहित करने के लिए जल वितरण समिति की बैठक में शामिल होंगे। इसके उपरांत दोपहर 1 बजे सांचौर से रवाना होकर 2.30 बजे गुड़ामालानी पहुंचेंगे। विश्नोई सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

वीरम व्यायामशाला में यज्ञ किया

जालोर, (कासं)। राजस्थान में जिमनास्टिक व बॉक्सिंग के जनक कर्मयोगी मदनसिंह आर्य की 40 वीं पुण्यतिथि पर पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीर दल वीरम व्यायामशाला में गुरुवार को आर्य वीर दल के प्रांतीय महामंत्री शिवदत्त आर्य के सान्निध्य में यज्ञ भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर शिक्षा विभागीय वुशु प्रातियोगिता में पदक जीतने वाली आर्य वीर व वीरांगनाओं का स्वागत किया गया।

प्रेरणा सभा को सम्बोधित करते हुए आर्य वीर दल के प्रदेश अधिष्ठाता विनोद आर्य ने कहा कि कर्मयोगी मदनसिंह आर्य ने सेना में अपनी सेवाएं देने के बाद युवाओं को शारीरिक, आत्मिक व बौद्धिक रूप से मजबूत करने के लिए राजस्थान से दिल्ली तक आर्य वीर दल संगठन खडे किए। महर्षि दयानंद सरस्वती व आर्य समाज के विचारों से प्रभावित होकर कर्मयोगी आर्य ने नौजवानो का चरित्र निर्माण करने का बीडा उठाया। उनके बताए पदचिन्हों पर चलकर आज सैंकडों युवा बॉक्सिंग व जिम्नास्टिक में नए-नए कीर्तिमान बना आर्य वीर दल का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने युवाओं को आर्य वीर दल से जोडने के लिए मुहिम चलाने का संदेश दिया।

आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने आर्य का स्मरण करते हुए कहा कि समाज व देश में व्याप्त बुराइयों का अंत करने के लिए युवाओं को आर्य वीर दल की शाखाओं में जाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि मदन सिंह आर्य को सेना के कई पदको से नवाजा गया।वे खगोलीय शास्त्र के भी ज्ञाता थे। कार्यक्रम के दौरान आर्य वीर दल के वुशू में विजेता खिलाडी कुसुम सुथार, वैशाली, दिव्या सोनी,श्रेया राठौड, भावेश सुंदेशा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।इससे पूर्व समारोह की शुरुआत वैदिक यज्ञ के साथ हुई। यजमानों ने वेदमंत्रों पर आहुतियां दी। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन के महामंत्री शिवदत्त आर्य ने किया।

कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान दलपत सिंह आर्य, शाखा नायक कन्हैयालाल मिश्रा,पूर्व पार्षद भरत मेघवाल, अंबिका प्रसाद तिवारी,वुशू कोच देवेश आर्य समाजसेवी हितेश सुथार, सोम शेखर शर्मा,अंतरराष्ट्रीय खिलाडी सुनीता चौधरी सहित आर्य वीर व वीरांगनाएं भी मौजूद रही।

सार-समाचार

बांगड़ महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता

पाली,(नि.सं.)। राजकीय बॉगड़ स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाली की साहित्यिक समिति व भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका शीर्षक "सोशल मीडिया के सकारात्मक व नकारात्मक प्रभाव था। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आर.के.गर्ग, डॉ. प्रतिभा गर्ग व हुक्मीचंद जी मेहता थे। बॉगड महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि उपर्युक्त विषय पर भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया। साहित्यिक समिति की संयोजक डॉ. संगीता आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार दिव्या डागा, द्वितीय पुरस्कार जनक राजपुरोहित एवं तृतीय पुरस्कार लक्ष्मी राजपुरोहित व रोहित ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। भारत विकास परिषद की तरफ से भी स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. जसवन्त सिंह, प्रो. अलतीफ खान व प्रो. आषा मूंदडा रहे। इस अवसर पर बांगड़ महाविद्यालय से डॉ मनीषा औदिच्य, आचार्य डॉ. उषा व्यास, सहआचार्य, भारत विकास परिषद की अध्यक्षा नूतनबाला कपिला, सदस्य इंदुजी शर्मा व पुष्पा परिहार व गौतम जी चौपडा उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रो. रष्मि त्रिवेदी ने किया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार की बजट घोषणा अनुसार एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता रा बा उ मा वि प्रताप चौक में संस्था प्रधान ज्ञानी राठौड के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में वाद विवाद प्रतियोगिता (हिन्दी) जूनियर एव सीनियर वर्ग, वाद विवाद प्रतियोगिता (अंग्रेजी) जूनियर एव सीनियर वर्ग, देश भक्ति पर आधारित एकल गायन प्रतियोगिता जूनियर एव सीनियर वर्ग, निबंध प्रतियोगिता (हिन्दी) जूनियर एव सीनियर , निबंध प्रतियोगिता (अंग्रेजी) जूनियर एव सीनियर वर्ग में कुल 56 प्रतियोगियों ने भाग लिया । जिसमे प्रथम स्थान प्राप्त प्रतियोगी राज्य स्तर पर भाग लेंगे। जहां विजेताओं को देश भर का भ्रमण करवाया जाएगा। निर्णायक के रूप में लता मुकेश, पूर्णसिंह, किशन कुमार , विमला पुरी, प्रमोद वैष्णव, हितेश दवे, शैलजा माथुर, रेणु माथुर, ललिता वैष्णव एव शिरीन खान ने भूमिका निभाई। प्रभारी जुगल किशोर दवे ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नरपत आर्य ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक गण, अभिभावक और छात्रायें उपस्थित रहे।

जाम्भाणी सत्संग कथा में श्रद्धालु उमड़े

बाप, (निसं)। बाप उपखंड की ग्राम पंचाायत नेवा में स्थित गुरू जम्भेश्वर भगवान मंदिर परिसर में चल रहे जाम्भाणी सत्संग कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा वाचक स्वामी रामाचार्य महाराज जैसला ने अपने प्रवचनों में धर्म, सेवा और मानव कल्याण के संदेश दिए। उन्होंने कहा कि गुरू जम्भेश्वर भगवान ने समाज को सत्य, अहिंसा, दया और परमार्थ का मार्ग दिखाया, जिसे अपनाकर ही जीवन सफल बन सकता है। नेवा सहित कानासर, मदासर, जालुवाला, राणेरी, मोडिकिया, तालरिया व आसपास के गांवों से बडी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। कथा का आयोजन श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान धमार्थ एवं परमार्थ नेवा व नेवा ग्रामीणो द्वारा करवाया जा रहा है।

दो गिरफ्तार

जोधपुर , (कासं)। करवड़ पुलिस ने जाजीवाल धांधला बनाड़ निवासी प्रकाश पुत्र लक्ष्मणराम जाट को गिरफ्तार कर उसके पास से गांजा बरामद किया। आरोपी को करवड़ क्षेत्र में पकड़ा गया। इसी प्रकार झंवर थानाधिकारी बंशीलाल धवा निवासी मनोज पुत्र पूनाराम विश्रोई को गिरफ्तार कर 4 किलो 490 ठााम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया।

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज). 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/1855 दिनांक-06/10/2025

-: प्रसारित नोटिस उजरदारी:-

श्री घनश्याम खटीक पुत्र श्री रुपाराम खटीक जाति खटीक निवासी 122 कबीर मार्ग गांधी कॉलोनी जैसलमेर द्वारा एक आवेदन - पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या ए - 257 ए साईज लम्बाई उत्तर - दक्षिण बतरफ पूर्व 32 फीट, बतरफ पश्चिम 48 फुट व चौडाई पूर्व -पश्चिम बतरफ उत्तर 47 फीट, बतरफ दक्षिण 48 फीट कुल क्षेत्रफल 1900 वर्गफीट व इससे लगती अधिक भूमि साईज 368.16 वर्गफीट कुल क्षेत्रफल 2268.16 वर्गफीट वाके डॉ राजेन्द्र प्रसाद आवासीय योजना जैसलमेर जो की श्री हरी राम खत्री पुत्र श्री भंवर लाल जाति खत्री निवासी 641, रिको रोड गांधी कॉलोनी जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय - पत्र से क्रय किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री घनश्याम खटीक पुत्र श्री रुपाराम खटीक जाति खटीक निवासी 122 कबीर मार्ग गांधी कॉलोनी जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहते है । अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय मे 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे ।

आयुक्त,
नगर परिषद जैसलमेर

नये एचटी-उद्योग छूट और वृद्धीशील उपभोग छूट

नये उद्योग छूट	मौजूदा (रु./यूनिट)	प्रस्तावित (रु./यूनिट)
एमआईपी एचटी	0.55 (रू./यूनिट)	0.20 (रू./यूनिट)
वृहद	0.85 (रू./यूनिट)	0.30 (रू./यूनिट)

वृद्धीशील उपभोग छूट	मौजूदा (रु./यूनिट)	प्रस्तावित (रु./यूनिट)
एमआईपी एचटी	0.55 (रू./यूनिट)	0.20 (रू./यूनिट)
वृहद	0.85 (रू./यूनिट)	0.30 (रू./यूनिट)

एचटी सीपीपी (Co-Located) उपभोक्ताओं पर लगाए जाने वाले पीओसी शुल्क निम्नानुसार हैः-

सीपीपी प्रकार	पीओसी शुल्क (रू./केवीए/माह)
परम्परागत सीपीपी	रु. 27.237/केवीए/माह सीपीपी की स्थापित क्षमता का
अक्षय ऊर्जा सीपीपी	रु. 11.90/केवीए/माह सीपीपी की स्थापित क्षमता का
हाइब्रिड संयत्र	उपर्युक्त दोनों परम्परागत और अक्षय ऊर्जा के अनुपात में

1. नेट मीटरिंग और ग्रॉस मीटरिंग के अंतर्गत रूफटॉप सौर संयंत्रों को समानांतर संचालन शुल्क (पीओसी) से बाहर रखा जाएगा।
2. समानांतर संचालन शुल्क केवल ऑन-साइट/co-located लोड द्वारा खपत की गई बिजली तक ही सीमित होगा, ऑफसाइट सीपीपी पर नहीं और यह जनरेटर की शुद्ध क्षमता (total capacity- open access capacity) पर लागू होगा।
3. Co-located संयंत्रों पर, चाहे उनकी कैप्टिव स्थिति कुछ भी हो, पीओसी शुल्क Co-located भार के लिए उपयोग की गई क्षमता तक लागू होंगे। डिस्कॉम द्वारा सीपीपी के साथ किए गए विद्युत क्रय समझौतों (पीपीए) पर कोई पीओसी शुल्क लागू नहीं होगा।

विनियामक अधिभार, ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) सहित निम्नानुसार अनुमोदित किया गया है।

विवरण	(रू./यूनिट)
100 यूनिट/माह तक खपत वाले घरेलू उपभोक्ता	0.70
बचे हुए घरेलू और अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पे लागू होगा।	1.00

- उपरोक्त नियामक अधिभार मय ईंधन और बिजली खरीद समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) आरईआरसी टैरिफ विनियम 2025 के विनियम 87 के अनुसार लगाया जाएगा।
- माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में डिस्कॉम द्वारा change in law के कारण उत्पन्न अतिरिक्त लागत की वसूली के लिए आयोग द्वारा दिनांक 01.09.2022 के अपने आदेश के माध्यम से अनुमत 0.07 रुपये/यूनिट के विशेष एफएसए पर अलग से लिया जाएगा।

नोट :- वर्तमान में वह सभी प्रावधान जो कि इस आदेश में संशोधित नही किये गये है, लागू रहेंगे।

अधीक्षण अभियंता (रेगूलेशन)
जयपुर/अजमेर/जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

जेपीआर 3065(2025)
राज.संवाद/सी/25/11809

कानासर में पथ संचलन किया

बाप, (निसं)। राष्टीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले संचलन की कडी में गुरूवार को बाप खंड के कानासर मंडल पर स्वयंसेवको ने पूर्ण गणवेश में घोष के गगन भेदी नाद के साथ पथ संचलन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पथ संचलन में कानासर, नेवा, रावरा के स्वयंसेवको ने भाग लिया। संघ के संचलन को लेकर ग्रामीणों में भी खूब उत्साह दिखाई दिया। ग्रामीणों द्वारा जगह जगह रंगोली तथा पुष्प वर्षा से संचलन का स्वागत किया गया। संचलन गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए दादी सती धाम मेला प्रांगण में संपन्न हुआ। संचलन के पश्चात विजयादशमी उत्सव आयोजित कर शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभाग संघ चालक जगदीश सिंह राजपुरोहित ने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष का यह संचलन पंच परिवर्तन - कुटुंब प्रबोधन, समरसता, पर्यावरण, नागरिक कर्तव्य और स्वभाव जागरण जैसे प्रमुख कार्यो पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम में संत सानिध्य गुरुवर रामाचार्य, खंड संघ चालक मनसुख पालीवाल, खंड कार्यवाह रोहिताश, पप्पूराम गोदारा, भोजाराम, राणाराम, भीयाराम, राकेश, भैराराम, भागीरथ खीचड, बंशी महाराज, श्रवण सुथार आदि भी उपस्थित रहे।

हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग से नुकसान

जोधपुर , (कासं)।द निकटवर्ती बोरानाडा चतुर्थ चरण में गुरूवार की अलसुबह एक हैण्डीक्र ाफ्ट फैक्ट्री में लगी आग से लाखों का फर्नीचर और सूखी लकडिय़ां जलकर नष्ट हो गई। हादसे में जनहानि नहीं हुई। आग लगने का आरंभिक तौर पर कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। बोरानाडा दमकल स्टेशन जोधपुर की छह गाड़ियों ने मिलकर आग पर काबू पाया।

बोरानाड़ा चतुर्थ चरण में शंकरराम बंजारा की अजय इंडस्ट्रीज नाम से हैण्डीक्राफ्ट फैक्ट्री आई है। गुरूवार की सुबह सूचना मिली कि फैक्ट्री में आग लगी है। वह खुद वहां पहुंचा। बोरानाडा से एक एक छह दमकलों वहां पहुंची। बताया गया कि फैक्ट्री सुबह बंद रहने से फर्नीचर जलकर नष्ट हो गया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया जा सका।